**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 16.03.2024** **समय 18.30**

- **चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की–चुनाव 7 चरणों में होंगे।**
- **प्रदेश में 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जायेंगे– बागीदौरा विधानसभा का उपचुनाव भी दूसरे चरण के साथ।**
- **लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता की पालना शुरू।**
- **गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जलदाय विभाग ने सभी संभागों और जिलों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किये।**

000

चुनाव आयोग ने आगामी लोकसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। ये चुनाव सात चरणों में करवाये जाएंगे। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग ने आज नई दिल्ली में लोकसभा चुनावों के साथ–साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की भी घोषणा की है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग भारतीय लोकतंत्र के सबसे बडे पर्व के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि देश में 97 करोड पंजीकृत मतदाता हैं। मतदान के लिए साढे दस लाख मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां डेढ करोड चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन चुनावों में पहली बार वोट करने वाले एक करोड 82 लाख मतदाता होंगे। श्री कुमार ने बताया कि आयोग 85 वर्ष से अधिक आयु के लोगों और दिव्यांगजनों को घर से ही मतदान करने की सुविधा प्रदान करेगा। श्री कुमार ने कहा कि बाहुबल, धनबल, भ्रामक प्रचार और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन निर्वाचन आयोग के सामने बडी चुनौतियां हैं। आयोग ने बाधाकारी चुनौतियों से निपटने के लिए सभी कदम उठाए हैं।

....................

श्री कुमार ने चुनाव तंत्र को कचरा प्रबंधन और कागज का कम से कम उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब है कि मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव दो चरणों में समपन्न होंगे। पहले चरण में राज्य की 12 लोकसभा सीटों पर जबकि दूसरे चरण में शेष 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव कराये जायेंगे। पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चुरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली–धौलपुर, दौसा और नागौर में चुनाव होंगे। वहीं दूसरे चरण में टोंक सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाडमेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाडा, चितौड़गढ, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़–बारां में मतदान कराया जायेगा। पहले चरण के लिए 20 मार्च को अधिसूचना जारी होगी, 27 मार्च तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे और 19 अप्रेल को मतदान होगा। जबकि दूसरे चरण के लिए 28 मार्च को अधिसूचना जारी की जायेगी, नामांकन पत्र 4 अप्रेल तक भरे जा सकेंगे, वहीं 26 अप्रेल को वोट डाले जायेंगे।

000

निर्वाचन आयोग ने राज्य की बागीदौरा विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव की घोषणा कर दी है। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा तथा परिणाम चार जून को लोकसभा चुनावों के साथ घोषित किये जायेंगे। यह सीट महेंद्र जीत सिंह मालवीय द्वारा विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने के कारण खाली हुई थी। श्री मालवीय कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन निर्वाचित होने के बाद वे भाजपा में शामिल हो गये।

000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और अलवर से पूर्व सांसद कर्णसिंह यादव समेत विभिन्न पार्टियों के करीब 80 से ज्यादा नेताओं ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित हुए कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इन नेताओं को सदस्यता ग्रहण करवाई। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में चूरू से पूर्व सांसद प्रत्याशी प्रताप पूनियां, पूर्व विधायक सुरेश टांक, रामलाल मेघवाल, महेंद्र सिंह गुर्जर, बलवान यादव, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला पलाडा, अलवर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर और विश्वजीत सिंह चंपावत जैसे नाम भी शामिल हैं। दूसरी ओर, बाड़मेर के बायतू से विधानसभा चुनाव में आरएलपी के प्रत्याशी रहे उम्मेदाराम बेनीवाल और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी जस्साराम चौधरी अपने समर्थकों सहित आज कांग्रेस में शामिल हो गये। उन्होंने राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

000

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता की पालना शुरू हो गई है। प्रदेश के सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में आदर्श आचार संहिता की पालना करने के निर्देश दिए है। वहीं अलवर में जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने अधिकारियों की बैठक लेकर आदर्श आचार संहिता की पालना करने के निर्देश दिए। इसके तहत भरतपुर में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर और बैनरों को हटवाया जा रहा है। इसके साथ ही अस्पतालों सहित नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों में भी लगे हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले होर्डिंग्स भी हटवाये जा रहे हैं। चूरू में भी जिला निर्वाचन अधिकारी ने आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए संबंधित कर्मियों को पालना करने को कहा है। उन्होंने सेक्टर अधिकारी, उडनदस्ते और वीडियो निगरानी दलों को पूरी तरह सक्रिय होने के निर्देश दिए।

000

देश में लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले आज राज्य में विभिन्न आयोग और बोर्डों में राजनीतिक नियुक्तियां की गई हैं। वरिष्ठ नेता सी आर चौधरी को राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। प्रेम सिंह बाजौर को राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति में अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके अलावा, राजेंद्र नायक को राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त और विकास आयोग का अध्यक्ष, प्रहलाद टांक को श्रीयादे माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष, ओम प्रकाश भडाना को देवनारायण बोर्ड तथा जसवंत विश्नोई को राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

000

लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग की ओर से मतदान प्रतिशत बढाने के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। भरतपुर में स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक समेंत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, वहीं साइकिल रैली, बाइक रैली सहित मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के महत्व को बताया जा रहा है । वहीं हनुमानगढ में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और जानकारी हमारी संवाददाता से-

000

आम चुनाव के मद्देनजर और लोकतंत्र का उत्सव मनाने के लिये आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये बुलेटिन में एक संदेश श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें श्रोता अपना संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को हमारे समाचार बुलेटिन में स्थान दिया जाएगा। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर हमारे व्हॉट्सअप नम्बर 9414052368 पर भेज सकते हैं।

000

जलदाय विभाग ने गर्मी में पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए सभी संभाग और जिलों के लिए प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की है। ये अधिकारी पेयजल संबंधी कार्यों का निरीक्षण और मॉनिटरिंग करेंगे। 31 मार्च से पहले ये क्षेत्र का पहला दौरा करेंगे। विभाग के शासन सचिव ड़ॉ समित शर्मा ने बताया कि ये अधिकारी जिला और संभाग से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण करने के साथ समस्याग्रस्त क्षेत्रों को चिन्हित कर पेयजल परिवहन का आकलन करेंगे। उन्होंने बताया कि हैंडपंपों के रखरखाव सहित अन्य कार्यों के लिए आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि पेयजल वितरण के समय किसी भी तरह का व्यवधान नहीं आए इसके लिए पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

000

प्रदेश में मौसम में उतार चढाव का दौर जारी है। वहीं मार्च का आधा महीना बीतने के बाद भी अभी सर्दी का असर पूरी तरह गया नहीं है। बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। हनुमानगढ के संगरिया में सबसे कम 8 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। इसके अलावा करौली में 9 दशमलव 7 तथा सीकर के फतेहपुर में रात का तापमान 9 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाकी ज्यादातर स्थानों पर न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के आसपास बना हुआ है। वहीं अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान भी 25 डिग्री से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है। मौसम केंद्र जयपुर ने अगले चार पांच दिन में तापमान में बढोतरी की संभावना जताई है।

000